e-paper : www.dailynewsactivist.com लखनऊ, रविवार, 20 अक्टूबर 2019, कार्तिक मास कृष्ण पक्ष षष्ठी, संवत् 2076 विक्रमी वर्ष-13, अंक-8, पृष्ठ-12, मूल्य- ₹ 2.00, नगर संस्करण

शब्द शब्द संघर्ष

DNA
डेली न्यूज़ ऐक्टिविस्ट

RNI NO.: UPHIN/2007/41982 संस्करण : लखनऊ राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक website : www.dnahindi.com डाक पंजीयन : एसएसपी/एल.डब्लू./एन.पी.-358/2016-18

जर्जर पेड़ो को पेंट किया तो निकलने लगे कल्ले

डेली न्यूज नेटवर्क

- वैज्ञानिक का दावा वाष्पीकरण बंद होने पेड़ों में आई जान

लखनऊ। जर्जर व बूढ़े हो चुके पेड़ सूखने के कगार पर पहुंच गए थे। वैज्ञानिक तरीके से नया प्रयोग हुआ। पौधों को साफसुथरा कर पेंट कर दिया गया। महज 15 दिनों में उनमें जान लौट आई। पेड़ों के तनों से नए कल्ले निकल आए। खूबसूरती तो बढ़ी ही साथ में हरियाली बरकरार रहने की उम्मीद भी जग गई है। यह प्रयोग गोमतीनगर स्थित राजीव गांधी वार्ड के राम भवन चौराहे पर हुआ है। यहां लगभग 110 मीटर लम्बे साइकिल पथ के किनारे लगे पेड़ सूखने के कगार पर पहुंच गए थे। उनमें रोग लग गया था। पेड़ों के तने जगह.जगह खोखले हो गए थे। वह कभी भी भरभराकर गिर सकते थे। वरिष्ठ पर्यावरण वैज्ञानिक प्रो. भरत राज सिंह की सलाह पर क्षेत्रीय पार्षद अरुण तिवारी व स्वच्छता प्रोत्साहन समिति के सदस्यों ने एकजुटता दिखाई। प्रयोग के तौर पर 50 मीटर लम्बाई में लगे पेड़ों की तनों के छालों को साफसुथरा किया गया। थाले बनाकर बालू व ग्रैवल डाला गया। साइकिल पथ के दोनों तरफ घास व हेज लगाकर खूबसूरत बनाया गया। तनों के खोखले हुए हिस्सों में एण्टीट्रमाईटड ट्रीटमेन्ट कराया। इसके बाद प्राइमर व पेंट से चित्रकारी हुई। इसमें पेड़ों के स्वरूप में कोई परिवर्तन नहीं किया गया। महज 15 दिन में पेड़ों की तनों से नए कल्ले निकलने शुरू हो गए हैं। नए प्रयोग के सार्थक परिणाम निकलने से लोग उत्साहित हैं। उनको ऐसे सभी पेड़ों में दोबारा जान आने की आस बढ़ गई है।